14. बाघ आया उस रात

शब्दार्थ पढ़िए और याद कीजिए—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
आगाह किया	= चेतावनी दी	पहरा	= रखवाली

पाठ-ज्ञान

1. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए—

(i) वो इधर ....

....

वो आँखें फैलाकर

....

(ii) बाघ कहीं ....

....

....

छोटू बोला—

....

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

(i) कविता में कौन किसके बारे में बता रहा है?

....

....

(ii) बालक बाबा को रात में बाहर निकलने के लिए क्यों मना कर रहा है?

....

(iii) बाघ कहाँ रहता है और उसके परिवार में कौन-कौन हैं?

....

....

....

(iv) बाघ और बाघिन सारा दिन क्या करते हैं?

....

....

(v) पाँच साल के बेटू ने किसे क्या आगाह किया और क्यों?

....

....

....

शब्द-ज्ञान

नीचे लिखे शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए—

स्कूल — .... शेर — ....
....

दिन — .... बच्चा — ....

रिमझिम पाठ- 14. बाघ आया उस रात

बात-बात में

“वो इधर से निकला, उधर चला गया”

प्रश्न- (क)यह बात कौन किसे बता रहा होगा?

उत्तर- यह बात बेटू छोटू को बता रहा होगा|

(ख) तुम्हे यह उत्तर कविता की किन पंक्तियों से पता चला?

उत्तर- हमें यह उत्तर कविता की निम्नलिखित पंक्तियों से पता चला

‘पाँच-साला बेटू ने हमें फिर से आगाह किया|’

उस रात

इस कविता में एक ऐसी रात की बात की गई है जिस रात को कुछ अनोखी घटना घटी थी|

प्रश्न- (क) उस रात को कौन सी अनूठी बात हुई थी?

उत्तर- उस रात को गांव में बाघ आ गया था|

(ख) तुम्हारे विचार से क्या यह बात सचमुच अनूठी है? क्यों?

उत्तर- हाँ, यह बात सचमुच में अनूठी है क्योंकि ये जानवर जंगल में रहते है और उनका गांव में आना अनूठी बात है|

(ग) उस रात को और क्या क्या हुआ आपने दोस्तों से बातचीत करके लिखो|

उत्तर- उस रात को बाघ आने से गांव में हडबड़ी मच गई होंगी| लोग बाग को भगाने के लिए इकट्ठा हो गए होंगे| साथ ही डर के मारे समूह बना कर घूम रहे होंगे| बच्चों को घरों के अंदर बंद कर दिया गया होगा|

आँखें फैलाकर

वो इधर से निकला उधर से चला गया

वो आँखें फैलाकर बतला रहा था|

प्रश्न- नीचे आँख से जुड़े कुछ और मुहावरे दिए गए है, वाक्यों में इनका इस्तेमाल करो|

आँख लगाना, आँख दिखाना, आँख मूँदना, आँख बचाना, आँखें भर आना, सिर आँखों पर बैठाना

उत्तर- आँख लगना –(नींद आना)- कहानी सुनते-सुनते विशाखा की आँख लग गई|

आँख दिखाना –(डराना)- मां ने बच्चे को गलती करने पर आँख दिखाई|

आँख मूँदना –(ध्यान न देना)- हमें गलत काम को देखकर आँखें नहीं मूँदनी चाहिए, बल्कि उन्हें रोकना चाहिए|

आँख बचाना –(चुपचाप निकलना)- उधार के रुपए लौटाने के डर से मनोज आँखें बचा कर निकल रहा था|

आँखें भर आना –(पीड़ा पहुंचना)- एक कबूतर को मरते देख मेरी आँखे भर आई

सिर आँखों पर बैठाना –(बहुत इज्जत देना) ट्वेंटी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को लोगों ने सिर आंखों पर बिठा लिया|

(ख) कविता में इनमें से कौन सा भाव झलकता है?

उ त्तर- कविता में इनमें से सचेत करने का भाव झलकता है|

(ग) किन किन पंक्तियों/शब्दों से यह भाव व्यक्त हो रहे हैं?

***आश्चर्य, *डर *अविश्वास**

उत्तर- आश्चर्य – "वो इधर से निकला
उधर चला गया ऽऽ"

डर – "आप रात को बाहर निकलो!"

अविश्वास – "न किसी दफ्तर में
न कॉलेज में ऽऽ"